Printed Pages : 6

AEC-03

B.H.Sc./B.A. (Semester-I) Examination, July-December, 2025

(Session : 2025-2026) (NEP-2020)

हिन्दी भाषा

Time Allowed : Two Hours

Maximum Marks : 35

निर्देश- सभी खण्डों से निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

खण्ड-अ

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

निर्देश- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए। [5×1=5]

Q.1. 'भारत वंदना' कविता के कवि का नाम है-

(अ) मैथिलीशरण गुप्त

(ब) माखनलाल चतुर्वेदी

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >

(स) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(द) जयशंकर प्रसाद

Q.2. संधि के कितने भेद होते हैं?

(अ) दो

(ब) तीन

(स) चार

(द) पाँच

Q.3. 'आस्तीन का साँप होना' मुहावरे का उचित अर्थ है-

(अ) हर स्थिति में परेशानी होना

(ब) धोखेबाज/कपटी मित्र

(स) स्वार्थी

(द) घोर विपत्ति आना

Q.4. निम्नांकित में से अशुद्ध शब्द है :

(अ) अनुग्रह

(ब) गोपी

(स) पुर्नजन्म

(द) गीतांजलि

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >

Q.5. 'समान-सामान' समश्रुत भिन्नार्थक शब्द का सही अर्थ भेद निम्न में से कौन-सा है?

(अ) पत्ता-प्रतिज्ञा

(ब) बराबर-वस्तु

(स) तालाब-बाण

(द) समय-भाषा

खण्ड-ब

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित है। [5×2=10]

Q.1. 'भारत-वंदना' शीर्षक कविता का केन्द्रीय भाव लिखिये।

Q.2. समास की विशेषताएँ बताइये।

Q.3. मुहावरे एवं कहावत में अन्तर स्पष्ट कीजिये।

Q.4. पारिभाषिक शब्दावली की परिभाषा लिखिये।

Q.5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिये-

(अ) वहाँ अनेकों लोग एकत्र थे।

(ब) कोलम्बस ने अमेरिका का अविष्कार किया।

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >

खण्ड-स

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश- निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है। [4×5=20]

Q.1. हरिशंकर परसाई का जीवन-परिचय देते हुए उनके साहित्यिक परिचय पर प्रकाश डालिये।

अथवा

'चोरी और प्रायश्चित' निबन्ध का सारांश अपने शब्दों में लिखिये।

Q.2. उपसर्ग की परिभाषा लिखते हुए, उनके प्रकारों को उदाहरण सहित समझाइये।

अथवा

समास की परिभाषा लिखते हुए उनके प्रकारों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये।

Q.3. पारिभाषिक शब्दावली का अर्थ व स्वरूप बताते हुए, इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'शब्द' क्या है? वर्तनीगत् अशुद्धियों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये।

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >

Q.4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिये-

(अ) राष्ट्र के निर्माण में युवा शक्ति का योगदान

(ब) पर्यावरण प्रदूषण

(स) भारत की नई शिक्षा नीति

अथवा/OR

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर दीजिये-

मानव जीवन के लिए मनोरंजन की अत्यन्त आवश्यकता है। मनोरंजन के कार्य तथा साधन कुछ क्षण के लिए जीवन के गहन बोझ को कम करके व्यक्ति में उत्साह का संचालन कर देते हैं। मानव सृष्टि के आरम्भ से ही मनोरंजन की आवश्यकता प्राणियों ने अनुभव की होगी और जैसे-जैसे समय व्यतीत होता गया वैसे-वैसे नवीनतम खोज इस अभाव को पूरा करने के लिए की गई।

वर्तमान काल में चारों ओर विज्ञान का बोलबाला है। मनोरंजन के क्षेत्र में जितने भी आविष्कार हुए हैं, उनमें सिनेमा (चलचित्र) भी एक है। चलचित्र का आविष्कार 1890 ई. में थॉमसअल्वा एडिसन द्वारा अमेरिका में किया गया। जनसाधारण के सम्मुख सिनेमा पहली बार लंदन में लुमेर द्वारा स्थापित किया गया। भारत में पहले सिनेमा के संस्थापक 'दादासाहब फाल्के' हैं। उन्होंने पहला चलचित्र

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >

1913 में बनाया।' भारतीय जनता ने इसकी प्रशंसा की। आज इस व्यवसाय पर करोड़ों रुपया लगाया जा रहा है। पहले-पहल चलचित्र जगत् में केवल मूक चित्रों का ही निर्माण होता था। बाद में इसमें ध्वनिकरण होता गया। चलचित्र निर्माण में कैमरे का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है।

प्रश्न-

(अ) गद्यांश का शीर्षक लिखिये।

(ब) चलचित्र का आविष्कार कब और किसने किया था?

(ब) गद्यांश का सारांश लिखिये।

----x----

cguniversities.com | Join WhatsApp Channel

Join our WhatsApp Channel for FREE Question Papers, Syllabus & Exam Updates
More papers: cguniversities.com | Tap here to join
JOIN NOW >